an>

Title: Delimitation of Vidhan Sabha and Lok Sabha constituencies in Jharkhand.

**श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) :** महोदया, मैं झारखंड का केन्द्र सरकार से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण विषय उठा रहा हूँ।...(व्यवधान) झारखंड का परिसीमन पिछली बार लोक सभा और विधान सभा का रोक दिया गया था, जो एकदम असंसदीय और असंवैधानिक कार्य है।...(व्यवधान) वहाँ विधान सभा की सीटें 150 की जाएँ और संसद के सांसदों के जो क्षेत्र हैं, उनका परिसीमन किया जाए।...(व्यवधान)

महोदया, मेरा एक अनुरोध है, एक स्पष्टीकरण है कि वहाँ पर एक भ्रम फैलाया गया है कि इससे किसी वर्ग विशेष के लिए जो आरक्षित सीटें हैं, वे कम होंगी।...(व्यवधान) मेरा कहना है कि उसको फ्रीज किया जाए और जिस वर्ग के लिए जितने सीटें आरक्षित हैं, वे उसे देते हुए नए सिरे से परिसीमन किया जाए और 150 सीटों की विधान सभा बनाई जाए, ताकि झारखंड का समुचित विकास हो सके।...(व्यवधान) झारखंड के कई सांसद इसके पक्ष में हैं।...(व्यवधान)

**कई माननीय सदस्य :** महोदया, हम इसका समर्थन करते हैं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सभी सहयोगी बनो।

श्री भैंरो प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री शरद त्रिपाठी और

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय को श्री रवीन्द्र कुमार राय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

â€¦(व्यवधान)